जनपद प्राथमिक उच्च प्राथमिक शाला बुनागाँव में जिला शिक्षा अधिकारी ने दिया न्योता भोज

स्वदेश संवाददाता, कोंडागांव,

विकास खंड कोंडागांव अंतर्गत जनपद प्राथमिक उच्च प्राथमिक शाला बुनागाँव के बच्चों और पालकों को शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के द्वारा न्योता भोज कराया गया। जनप्रतिनिधियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर निःशुल्क पुस्तकें और गणवेश वितरण किया गया।नन्हे मुन्ने बच्चो के रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान अध्यापक सूरज नेताम ने स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी दिया कि, बीते सत्र में शिक्षकों और अभिभावकों के अथक प्रयासों से स्कूल के बच्चों ने संकुल स्तरीय शारीरिक बौद्धिक एवं बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, विकास खंड और जिला स्तरीय विज्ञान और गणित कबाड़ से जुगाड़ मेला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल में बेहतर प्रिंट रीच, बागवानी के साथ ही भयमुक्त आकर्षक वातावरण तैयार किया गया है। शीतकालीन और ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा नवोदय विद्यालय, प्रयास परीक्षा, एकलव्य और सैनिक स्कूल जैसे उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु नियमित कोचिंग का संचालन किया गया। संस्था के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम ए ग्रेड,ए प्लस के साथ प्रथम श्रेणी रहा। इस दौरान बच्चों, अभिभावकों और ग्रामवासियों सहित 200 लोगों को न्योता भोज जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव के सौजन्य से कराया गया। संकुल समन्वयक धरम देवांगन ने सभी अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने पालक बैठक में शत-प्रतिशत उपस्थिति देने आग्रह किया। संकुल प्राचार्य किरण नाग के द्वारा बच्चों की उपलब्धियों को सराहना करते हुए कहा कि, ऐसे ही सभी स्कूलों में अभिभावकों और बच्चों के साथ नियमित बैठक आयोजित हो जिससे शिक्षा का स्तर ऊंचा हो तभी हम शिक्षित राष्ट्र की परिकल्पना को साकार कर सकते हैं। जनपद सदस्य दिनेश कोर्राम ने संस्था के शिक्षकों की लगन से शालेय वातावरण के साथ ही बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता की तारीफ करते हुए कहा कि बच्चों की उपलब्धियों पर पूरे ग्राम वासियों और क्षेत्र को गर्व है।

इस अवसर पर सरपंच पंचमी कौशिक, फौजी हरेंद्र नेताम, जनप्रतिनिधि संतोष नेताम, पीलू नेताम, बंशी सोढ़ी, रविन्द्र कौशिक, संतोष यादव, फूलबती नेताम, इंदू सोरी, रामदुलारी नेताम, संस्था के शिक्षक रुपेश कल्लो, शकुंतला यादव, प्रदीप नाग, रोशनी साहू महिला स्व सहायता समूह, स्कूली बच्चे सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहें।

संक्षिप्त पर महत्वपूर्ण

बानीपाली स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव

संवादाता बसना। ग्राम बानीपाली स्कूल में 26 जून को स्कूल के प्रथम दिवस पर प्रधान पाठक गणेश पटेल जी शिक्षक सुरेश विभार जी व स्कूल के बच्चे ग्राम पंचायत सरपंच तपन भोई पालक गण तिरिथ कुमारी जानवी साहू पुष्पा ग्वाल रसोइया अनुसिया भगवती व बच्चों के पालकों को बुलाकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया बच्चों को पुस्तक अभ्यास पुस्तक गणवेश आदि विरतण कीया गया बच्चों में काफी उत्साह उमंग देखा गया जिसमे दीपक हितेश रितु निक्की भवानी ईसा सिद्धि शिवम दीपांजलि हेमराज शिवा कुसुम सुमन सूरज देवआशीष व पहली कक्षा से पांचवी कक्षा तक के सभी बच्चे उपस्थित रहे सभी बच्चे प्रथम दिवस पर पुस्तक व गणवेश प्राप्त कर काफी उत्साहित हुए बच्चो के पालकों व ग्रामीणों द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ साथ अनुशासन नैतिक शिक्षा व्यहारिकता के साथ पढ़ाई हेतु ग्रामीणों द्वारा प्रधान पाठक गणेश पटेल सुरेश विभार का बहुत ही सराहना किया गया और गांव का नाम हमेशा की तरह रोशन करने का आग्रह किया।

सांसद संतोष पांडेय ने लोकसभा में ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

स्वदेश कवर्धा - : लोकसभा निर्वाचन 2024 में नवनिर्वाचित संसद सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से दोबारा निर्वाचित सांसद संतोष पांडेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस दौरान लोकसभा में स्पीकर की कुर्सी पर श्री फग्गन सिंह कुलस्ते मौजूद थे।

भूमि को हड़पने की नीयत से एक वर्ष से कर रहे प्रताड़ित

यादव समाज को प्रताड़ित करने का आरोप, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



स्वदेश संवाददाता, कवर्धा

विगत कुछ दिनों से कबीरधाम जिले में यादव समाज को प्रताड़ित किया जा रहा है जिसको लेकर सर्व यादव समाज ने कलेक्टर को लिखित ज्ञापन सौंपे है और अपने ज्ञापन पत्र में लिखे है कि ग्राम दुल्लापुर तहसील कवर्धा निवासी मिलन यादव के नाम पर ग्राम में निजी लगानी भूमि ख.नं. 191/1 रकबा 0.028 हे० स्थित है। जिसकी भूमि के पीछे में कवर्धा निवासी विनय बोथरा की भूमि है। विनय बोथरा के द्वारा आवेदक के भूमि को हड़पने की नीयत से विगत एक वर्ष से विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित करते आ रहा है।

पीढ़ियों से काबिज है मिलन यादव

सर्व यादव समाज ने ज्ञापन देते हुए बताया कि विनय बोथरा के द्वारा तहसीलदार एवं पटवारी से मिलीभगत कर मिलन यादव की भूमि को ऑनलाईन से विलोपित कराकर उक्त भूमि को शासकीय भूमि घोषित कर दिया गया है, जबकि उक्त भूमि में पीढ़ियों से कृषि कार्य करते आ रहा है। कभी किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आई है।

तहसीलदार और पटवारी पर लगाया आरोप

यादव समाज ने यह भी आरोप लगाया है कि तहसीलदार एवं पटवारी के द्वारा विनय बोथरा के कहने पर बिना जॉच पड़ताल किये घर बैठे पीड़ित की भूमि को राजस्व अभिलेख से ऑनलाईन हटा दिया गया है एवं शासकीय भूमि दर्ज कर दिया गया है। जिसके संबंध में पीड़ित के द्वारा शासन-प्रशासन से अनेकों बार गुहार लगा चुका है, किन्तु कोई सुनवाई नहीं किया गया है। शासन प्रशासन से न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित परिवार सहित इच्छा मृत्यु की मांग किया है, जो कि अत्यंत ही खेदजनक है।

दस्तावेज में काट छाट करने का आरोप

सर्व यादव समाज ने अपने ज्ञापन में यह भी आरोप लगाते हुए लिखे है कि पीड़ित मिलन यादव की निजी लगानी भूमि को तहसीलदार एवं पटवारी के द्वारा मिलीभगत कर अभिलेख में कॉट छांट करते हुए कथित व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की नीयत से निजी भूमि को विलोपित कर शासकीय भूमि दर्ज करा दिया गया है। तथा पीड़ित को विभिन्न प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा है। तथा बार-बार नोटिस भेजकर जमीन को छूड़वाने का प्रयास किया जा रहा है।

आंदोलन करने के मूड में यादव समाज

सर्व यादव समाज ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन मांग करते हुए लिखे है कि पीड़ित मिलन यादव ग्राम दुल्लापुर के निजी लगानी भूमि को तहसीलदार एवं पटवारी के द्वारा मिलीभगत कर ऑनलाईन में विलोपित कर शासकीय भूमि दर्ज करने के खिलाफ तत्काल कार्यवाही करते हुए राजस्व अभिलेख व ऑनलाईन में यथावत मिलन यादव के नाम दर्ज कराने का कृपा करे, शीघ्र कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में सर्व यादव समाज आन्दोलन के लिए बाध्य होगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

बेलोतीपारा के बच्चों को मिला वेलकम पार्टी

स्वदेश संवाददाता, कोंडागांव,

कलेक्टर कुणाल दुदावत के आदेशानुसार डीईओ आदित्य चांडक एवं बीईओ मनोज दुबे के मार्ग दर्शन में शासकीय विद्यालय बेलोतीपारा मसोरा में अध्ययनरत बच्चों को वेलकम पार्टी (नेवता भोजन) की व्यवस्था गांव के शिक्षाविद, सेवानिवृत शिक्षक सोहांगुराम मरकाम और उनके पुत्र एवं पुत्रवधु परमिला अशोक मरकाम शिक्षक द्वारा शाला में अध्ययनरत सभी 29 बच्चों के लिए पौस्टिक भोजन के साथ खीर पुड़ी और जलेबी की व्यवस्था कर सपरिवार उपस्थित होकर भोजन परोसा गया। वही सोहांगुराम मरकाम द्वारा उपस्थित पालक तिलक यादव, धरसू मरकाम, रमिला बघेल, बैसाखिन के साथ विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में संस्था की प्रधान पाठिका हीना साहू द्वारा बच्चों का गुलाल चंदन की तिलक और फूलमाला पहनाकर स्वागत और निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। मिडिल हेडमिस्ट्रेस सुनीता मरकाम के हाथों सक्रिय पालक मेहतुराम नाग और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनीता मरकाम का सम्मानित किया गया।

नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

कोंडागांव। कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

Public Works Department

Sector-19, North Block, Naya Raipur (C.G.)
E-Procurement Tender Notice
E-mail : tenders-pwd.cg@govin

NIT No.027/TC/EinC/PWD/2024-25 Dated- 24.06.2024

The Engineer-in-Chief, Public Works Department on behalf of **Governor of Chhattisgarh** invites **percentage rate bids** on electronic tendering system under **RCPLWE RRP-III** in the district **Bijapur** for construction of **01 Bridge** with estimated cost amounting **Rs 773.28 Lacs** including their maintenance for five years from the contractors registered with unified registration system (e- registration) in Chhattisgarh. Non registered bidders may submit bid; however the successful bidder must get registered in appropriate class under "Unified Registration System (e-Registration) of Chhattisgarh before signing the agreement.

The bid document shall be available to bidders online free of cost and should be submitted online e-procurement system of government of Chhattisgarh in https://eproc.cgstate.gov.in. Bids form will be available on the website from 25.06.2024 and may be submitted up to 17:00 Hrs. on 11.07.2024

For participating in bidding process, bidders are required to register in the above web-site with nominal fee of Rs 500/- to be paid onine to service provider. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from authorized certifying authorities.

The bidders are required to submit (a) original bid security in approved form and (b) original affidavit duly verified and notarized as per clause 4.4 B (a) (ii) and 4.4 B (c) to **Chief Engineer, Tender Cell, First Floor, Nirman Bhawan, PWD, North Block, Sector-19, Naya Raipur (C.G.) 492-002** as per provisions of bid document through **Speed/ Registered post,** failing which the bids shall be declared non-responsive.

Detailed schedule of important dates may be seen on notice board of offices and also available on website of Public Works Department http://pwd.cg.nic.in

Chief Engineer
(Central Tender Cell)
Office of Engineer-In-Chief
P.W.D. Nava Raipur Atal Nagar (C.G.)

G-242500633/4

न्यायालय तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क 202406210100020
अ/59 वर्ष 2023-24
ग्राम सुहेला प.ह.नं. 34
तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक शिवकुमार कटरिया, भारतीय जनता पार्टी मण्डल अध्यक्ष सुहेला, तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ०ग० द्वारा ग्राम सुहेला स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 668 का टुकड़ा रकबा 0.030 हे. एवं खसरा नंबर 667 का टुकड़ा रकबा 0.030 हे. कुल रकबा 0.060 हे. भूमि को भाजपा कार्यालय हेतु आबंटित किये जाने का मांग किया गया है। जो कि जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी सिमगा से प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 10.07.2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सुहेला

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सांसदों का प्रधानमंत्री से सौजन्य भेंट

स्वदेश संवाददाता, बसना

महासमुंद लोकसभा का प्रतिनिधित्व करने वाली लोकप्रिय सांसद श्रीमती रूपकुमारी ओमप्रकाश चौधरी जी ने छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी एवं छत्तीसगढ़ के सांसदों के साथ संसद भवन दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की। सभी ने आदरणीय मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार देश की बागडोर संभालने पर अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। महासमुंद लोकसभा के लोकप्रिय सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी जी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व मे एन डी ए की सरकार कदम आगे बढ़ा चुकी हैं। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व मे गांव गरीब किसान की चिंता करते हुए हर वर्ग का साथ लेकर हमारी सरकार आगे बढ़ेगी। महासमुंद लोकसभा के चहुंमुखी विकास के लिए मैं प्रतिनिधित्व करने के लिए बीड़ा उठाया हैं जिसको पूरा करने हेतु तन मन धन से समर्पित रहूंगी।

शाला प्रवेश उत्सव, भोज

जेपरा। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय जेपरा में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव के साथ न्योता भोज कराया गया। मुख्य अतिथि लीला दास दुबे द्वारा किया गया।

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

पंजीकृत कार्यालय : 27बीकेसी, सी 27, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई), मुंबई- 400 051
कॉर्पोरेट कार्यालय : कोटक इन्फिनिटी, जोन-II, चौथी मंजिल, बिल्डिंग नंबर 21, इन्फिनिटी पार्क, ऑफ डब्ल्यू.ई. हाईवे, गोरेगांव, मुंबई - 400 097
शाखा/क्षेत्रीय कार्यालय : कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, मुक्ता प्रयाग कॉम्प्लेक्स निरंकारी फर्नीचर के पास पंडरी रायपुर 492001 छ.ग.

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पास गिरवी है, और जिसका भौतिक कब्ज़ा प्राधिकृत द्वारा ले लिया गया है। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अधिकारी, जिसके विरुद्ध आरक्षित मूल्य के रूप में उल्लेखित राशि पर एक इच्छित क्रेता से रुचि की अभिव्यक्ति/प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और इसलिए वसीयत के तहत वर्णित अचल संपत्ति की खरीद के लिए सीलबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी द्वारा आगे के प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा। हमारे ई-नीलामी सेवा भागीदार, मैसर्स के वेब पोर्टल के माध्यम से ई-नीलामी में भाग लेने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। सी1 इंडिया प्रा. लिमिटेड **(www.c1india.com)** पर अचल संपत्ति की बिक्री के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा विवरण नीचे दिया गया है:-

उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) /बंधककर्ता(ओं) का नाम	मांग सूचना दिनांक एवं राशि	अचल संपत्तियों का विवरण	आरक्षित मूल्य बयाना राशि जमा (ईएमडी)	अचल संपत्ति के निरीक्षण की तिथि नीलामी की तिथि/समय
ऋण खाता संख्या एचएफ37609378 और सीआरएन संख्या 249101262 और ऋण संख्या एचएफ ओडी 4912581367 और सीआरएन संख्या 249104770 1. **श्रीमती आरती पोद्दार पत्नी श्री आलोक पोद्दार**, ई 17 कैपिटल सिटी, फेज 2 सद्दू बरोंडा रोड, भवन सरधू के पास, रायपुर-492007(छ.ग.)...**उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता** 2. **मेसर्स पोद्दार स्टील, एकमात्र मालिक श्री आलोक पोद्दार** के माध्यम से, पोद्दार स्टील, स्टील, दुकान नं.60, आदिश्वर कॉम्प्लेक्स, राम सागर पारा रायपुर -492001 सी.जी...उधारकर्ता 3. **श्री आलोक पोद्दार**, ई 17 कैपिटल सिटी, फेज 2 सद्दू बरोंडा रोड, भवन सरधू के पास, रायपुर- 492007(छ.ग.) ....**मालिक/गारंटर/बंधककर्ता**	**मांग सूचना दिनांक 14-07-2022,** रु. 33,30,456.93/-, (रुपये तैंतीस लाख तीस हजार चार सौ छप्पन और तिरानबे पैसे मात्र) 12-07-2022 तक	गिरवी रखी गई संपत्ति का पूरा टुकड़ा जिसका पता है प्लॉट नं. ई-17, बी-1, खं. नं. 266/1, पी.सी. नं. 96, आर.एन.एम.- धरसीवा 1, ग्राम बरौंडा, रायपुर (छ.ग.) मापित क्षेत्रफल 1500 वर्ग फीट उत्तर से घिरा हुआ : रास्ता (सड़क) दक्षिण से प्लॉट नं. ई-16 पूर्व से खुली भूमि पश्चिम से रास्ता (सड़क)	रु. 43,01,100/- (रुपये तिरतालीस लाख एक हजार एक सौ मात्र) रु. 4,30,110/- (रुपये चार लाख तीस हजार एक सौ दस मात्र)	11/07/2024 11:00 बजे 12:00 बजे 19/07/2024 11:00 बजे- 12:00 बजे

बोली वृद्धि राशि 50,000/- प्रस्ताव/ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि:- 18/07/2024, शाम 5.00 बजे तक।

बिक्री के महत्वपूर्ण नियम और शर्तें:-

(1) नीलामी बोली दस्तावेज़ के आगे के नियमों और शर्तों और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाती है। बोलीदाता हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मैसर्स की वेबसाइट पर जा सकते हैं। सी1 इंडिया प्रा. लिमिटेड यानी बोली दस्तावेजों के लिए **https://www.bankeauctions.com,** ई-नीलामी के लिए रखी गई सुरक्षित संपत्ति का विवरण और बोली फॉर्म जो ऑनलाइन जमा किया जाएगा; (2) सभी इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को ऊपर उल्लिखित वेब पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा और ई-मेल में भाग लेने के लिए अपना यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क जनरेट करना होगा। -उपरोक्त तिथि और समय पर नीलामी; (3) ई-नीलामी पर किसी भी पूछताछ, सूचना, समर्थन, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता हमारी ई-नीलामी सेवा के मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड विभाग हरजिंदर से मोबाइल नंबर : 9826804343 और संपर्क कर सकते हैं। ई-मेल आईडी : **mpcg@c1india.com** और **support@bankeauctions.com;** (4) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्ति/संपत्तियों पर कोई बाधा नहीं है। हालाँकि, इच्छुक बोलीदाता ऊपर बताए अनुसार संपत्ति और उसके दस्तावेजों का निरीक्षण कर सकते हैं या पूर्व नियुक्ति के साथ किसी अन्य तिथि और समय का निरीक्षण कर सकते हैं और उन्हें ई-नीलामी पर रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के शीर्षक और दावों/अधिकारों के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए। /बकाया/अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति को प्रभावित करना। ई-नीलामी विज्ञापन में केएमबीएल की कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य की बाधाओं के साथ बेची जा रही है, चाहे केएमबीएल को ज्ञात हो या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तीसरे पक्ष के दावे/अधिकार/बकाया के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा; (5) अन्य सभी बोलीदाताओं की ईएमडी जो ई-नीलामी में सफल नहीं हुए उन्हें केएमबीएल द्वारा ई-नीलामी बंद होने के 72 कार्य घंटों के भीतर वापिस कर दिया जायेगा। एमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा।

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को इसके द्वारा **सरफेसी अधिनियम के नियम 6(2), 8(6) और 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों का नोटिस** दिया जाता है कि वे पूरी देनदारी का निर्वहन करें और भुगतान करें। इस नोटिस की तारीख से पंद्रह दिनों के भीतर अद्यतन ब्याज और खर्चों के साथ ऊपर उल्लिखित बकाया राशि जमा करें, ऐसा न करने पर सुरक्षित संपत्ति ऊपर उल्लेखित नियमों और शर्तों के अनुसार बेची जाएगी। यदि अंग्रेजी और वर्नाक्युलर अखबार में बिक्री नोटिस के प्रकाशन के बीच कोई विसंगति है, तो ऐसी स्थिति में अंग्रेजी अखबार स्थानीय अखबार का स्थान ले लेगा और इसे अंतिम प्रति माना जाएगा, जिससे अस्पष्टता दूर हो जाएगी। यदि उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता बिक्री की तारीख से पहले बैंक को देय राशि का पूरा भुगतान कर देता है, तो नीलामी रोक दी जाएगी।

बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए बैंक के उपरोक्त क्षेत्रीय कार्यालय में प्राधिकृत अधिकारी रविन्द्र द्विवेदी @ +919764443818, और श्री अशोक मोटवानी @ 9873737351 से संपर्क करें।

विशेष निर्देश: ई-नीलामी हमारे सेवा प्रदाता, मैसर्स द्वारा आयोजित की जाएगी। सी1 इंडिया प्रा. लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड **(KMBL)** की ओर से, पूर्व-निर्दिष्ट तिथि पर, जबकि बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य से ऊपर अपनी पसंद के अनुसार अपनी बोली के लिए अपने घर/कार्यालय/स्थान से बोली लगानी होगी। इंटरनेट कनेक्टिविटी और अन्य सामग्री आवश्यकताओं को बोलीदाताओं को स्वयं सुनिश्चित करना होगा। कृपया ध्यान दें कि इंटरनेट कनेक्टिविटी की विफलता (किसी भी कारण से हो) की पूरी जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी और न ही केएमबीएल और न ही सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की। लिमिटेड इन अप्रत्याशित परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार होगा। ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्थाएं/विकल्प करें, ताकि वे ऐसी स्थिति से बच सकें और फिर भी ई-नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें। हालाँकि, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी जटिल स्थिति से बचने के लिए अपनी बोली को उद्धृत करने/सुधारने के लिए अंतिम क्षण तक प्रतीक्षा न करें।

स्थान : रायपुर छ.ग. दिनांक : 28/06/2024

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

स्वतंत्र माईक्रो हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड

ऑफिस नंबर 1,2,3,4. ग्राउंड फ्लोर, पुष्पक सीएचएस, मालवीय रोड, विले पार्ले (पूर्व), मुम्बई 400 057.
फोन : 18001234427 / 022 26101076-79

svatantra
Micro Housing Finance Corporation Ltd.

आम जनता के लिए नीलामी-सह-निविदा बिक्री सूचना

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने कर्जदारों / जमानतदारों / बंधककर्ताओं (यहाँ आगे कर्जदार कहा गया है) से यथाउल्लेखानुसार वसूली के लिए नीचे तालिका में उल्लिखित माँग सूचनाएँ जारी की हैं। आगे 'वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 में यथानिहित शक्तियों का प्रयोग कर प्राधिकृत अधिकारी ने अधोवर्णित प्रत्याभूत परिसंपत्तियों जो उनको प्रदान की गई ऋण / उधारी सुविधाओं में बतौर प्रतिभूति रखी गईं हैं, का कब्जा ले लिया है। जबकि स्वतंत्र माइक्रो हाऊसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. (एसएमएचएफसी) को देय प्रत्याभूत ऋण की वसूली के लिए प्रत्याभूत परिसंपत्ति / याँ सार्वजनिक नीलामी सह निविदा के माध्यम से बिक्री की जायेगी। सर्व साधारण व्यक्तिगत या विधिवत् अधिकृत एजेंट के माध्यम से बोली करने के लिए आमंत्रित है। कर्जदारों / बकाया राशि / संपत्तियाँ / आरक्षित मूल्य / ईएमडी राशि, ईएमडी जमा करने की तिथि एवं समय / निरीक्षण की तिथि एवं समय / नीलामी की तिथि व समय का विवरण:

कर्जदार / जमानतदारों / बंधककर्ताओ के नाम व पते	माँग सूचना की तारीख बकाया राशि कब्जा दिनांक	संपत्ति का विवरण बंधककर्ताओं (संपत्ति का मालिक) के नाम सहित	आरक्षित मूल्य और धरोहर जमा राशि (ईएमडी)
श्री शुभम दुबे श्रीमती लता दुबे श्री कमल दुबे	**10/03/2023** **रु. 14,41,843/-** (रु. चौदह लाख इकतालीस हजार आठ सौ तेरालीस मात्र) **कब्जा दिनांक : 13-06-2023**	फ्लेट नंबर एलआईजी II- 248 (प्लॉट एरिया 979 वर्ग फीट), अटल विहार बिजाभट - एलआईजी II, सीएचबी- अटल विहार बिजाभट हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अटल विहार बिजाभट, बिजाभट, बेमेतरा, छत्तीसगढ़- 491335	**रु. 14.00 लाख रु. 1,40,000/-**
श्री संजय कुमार सेन श्रीमती अन्नपूर्णा सेन	**07/02/2023** **रु. 8,70,362 /-** (रु. आठ लाख सत्तर हजार तीन सौ बासठ मात्र) **कब्जा दिनांक : 23-08-2023**	खसरा नं. 1179/1 (पुनः नंबर 1179/3), पटवारी हल्का नंबर 33, तहसील-खैरागढ़, सिंघारघाट, आरएनएम - भुलाटोला, राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ - 491881	**रु. 7.30 लाख रु. 73,000/-**
श्रीमती झंगली बाई सारथी श्रीमती लीला सारथी श्री नागराज सारथी	**09/09/2022** **रु.4,39,127/-** (रु. चार लाख उनतालीस हजार एक सौ सत्ताईस मात्र) **कब्जा दिनांक : 03-12-2022**	प्लॉट नंबर 2495/1, तहसील-जांजगीर चांपा, शांति नगर, जांजगीर, जांजगीर- चांपा, छत्तीसगढ़- 495668	**रु. 9.00 लाख रु. 90,000/-**
श्री अमित शुक्ला श्रीमती अंजु शुक्ला	**06/09/2023** **रु. 12,65,042/-** (रु. बारह लाख पैसठ हजार ब्यालीस मात्र) **कब्जा दिनांक : 13-03-2024**	खसरा नंबर 31/45, पटवारी हल्का नंबर 88, बिरगांव, सुंदर नगर, मेटल पार्क वार्ड, वार्ड नंबर 09, रायपुर, छत्तीसगढ़- 493221	**रु. 11.50 लाख रु. 1,15,000/-**
श्री लक्ष्मी नारायण आदित्य श्रीमती राजकुमार आदित्य	**07/12/2023** **रु. 5,14,400/-** (रु. पाँच लाख चौदह हजार चार सौ मात्र) **कब्जा दिनांक : 15-03-2024**	प्लॉट नंबर 79, खसरा नंबर 08, तहसील पामगढ़, माझापारा, आर.आई.सी. राहोद-2, जांजगीर चांपा, छत्तीसगढ़ - 495556	**रु. 7.00 लाख रु. 70,000/-**
श्रीमती बालाविन्दर कौर भाटिया श्री गुलबीर सिंह भाटिया	**07/12/2023** **रु. 10,74,545 /-** (रु. दस लाख चौहत्तर हजार पांच सौ पैंतालीस मात्र) **कब्जा दिनांक : 12-03-2024**	फ्लेट नंबर एलआईजी-516, दीनदयाल आवास कौरिनभाटा, सीएचबी - दीनदयाल आवास कौरिनभाटा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दीनदयाल आवास कौरिनभाटा, राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव, छत्तीसगढ़- 491441	**रु. 9.00 लाख रु. 90,000/-**

◆ निरीक्षण की तिथि व समयः 24.07.2024 – पूर्वा. 11.00 से अप. 1.00 तक ◆ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि व समयः 27.07.2024 – अप. 5.00 तक
◆ नीलामी की तिथि व समयः 29.07.2024 – पूर्वा. 11.00 से अप. 12.00 तक

ई-नीलामी बिक्री के निबंधन व शर्तेः बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 में निर्धारित निबंधन व शर्तो और निम्नलिखित शर्तो के तहत होगीः

i. संपत्तियाँ 'जहाँ हैं जैसी है' आधार पर बिक्री की जा रही हैं।
ii. यहाँ ऊपर उल्लिखित प्रत्याभूत परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी के पूर्ण ज्ञान व जानकारी में दिया गया हैं, किंतु इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, चूक या भूल के लिए प्राधिकृत अधिकारी जबावदेह नहीं होगा।
iii. प्रत्याभूत परिसंपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बिक्री की जायेगी।
iv. नीलामी बिक्री ''नीलामी-सह-निविदा'' माध्यम की जायेगी।
v. निविदाकारों को विस्तृत निबंधन व शर्तों समझने की सलाह दी जाती है। इच्छुक निविदाकार को ''एसएमएचएफसी लि.'' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या उपरोक्त खाता संख्याओं के अनुसार खाता सं.: 00608940000020 आईएफएससी कोडः HDFC0000060 में एनईएफटी / आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी। ड्राफ्ट सहकारी बैंक का नहीं होना चाहिए।
vi. निविदाकार को ई-मेल पते पर ये दस्तावेज ई-मेल के माध्यम से प्राधिकृत अधिकारी को जमा करने होंगे और लिफाफे में जिस पर 'खाते (खाते का नाम लिखें) में निविदा शीर्शांकित कर उपरोक्त पते पर प्राधिकृत अधिकारी को इन दस्तावेजों की स्व-सत्यापित हार्ड प्रतियाँ (डिमांड ड्राफ्ट मूल रूप में) भी जमा करनी होंगी।
vii. अन्य विस्तृत निबंधन व शर्तें वेबसाइटः **www.svatantramhfc.com** पर उपलब्ध हैं।

अन्य पूछताछ प्राधिकृत अधिकारी, एसएमएचएफसी, श्री शारिक सौदागर (मोबा.-8879666943), श्री राहुल कुलाय (मोबा.-+91 9167829994) श्री अनिल पाटिल (+91 9167220728) या 022-26101076-79)
ईमेलः sharik.saudagar@svatantramhfc.com. से की जा सकती है।

स्थानः छत्तीसगढ़
दिनांकः 28.06.2024

प्राधिकृत अधिकारी
स्वतंत्र माइक्रो हाऊसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. (एसएमएचएफसी)
(प्रत्याभूत लेनदार)

आदित्य बिडला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

पंजीकृत कार्यालय- इंडियन रेयन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात-362266 शाखा कार्यालय- स्काई पार्क, यूनिट नंबर 402 और 403, चौथी मंजिल, जीई रोड के पास रवि नगर, रानी सती मंदिर के सामने, रायपुर छत्तीसगढ़-492001

परिशिष्ट IV
देखें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का नियम -8 (1) कब्जा सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रवर्तन के तहत **आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के अधिकृत अधिकारी हैं। सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (2002 का 54) और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक **18-04-2024 को मांग नोटिस जारी किया गया था कर्जदार गौरव वर्मा, रेखा वर्मा, गौरव स्टेज लाइट एंड साउंड, राशि 30,55,508.99/- रुपये (तीस लाख पचपन हजार पांच सौ आठ निन्यानबे पैसे मात्र)** उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर। कर्जदारों द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, एतद द्वारा कर्जदारों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। उक्त अधिनियम के **जून का 26वाँ दिन वर्ष 2024** के सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़ें।

विशेष रूप से उधारकर्ताओं और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि संपत्ति के साथ सौदा और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जिसकी **रु. 30,55,508.99/- रुपये (तीस लाख पचपन हजार पांच सौ आठ निन्यानबे पैसे मात्र)** और उस पर ब्याज। सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8 के प्रावधानों के लिए उधारकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल क्षेत्रफल 954 वर्ग फीट यानि 88.66 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 150/8, 151/7, 162/3 का हिस्सा, मौज ग्रामः अमलीडीह, पुराना पी.एच. नंबर 114/45, नया नंबर 69/70, आर.एन.एम-रायपुर-11, वार्ड नंबर 46, डॉ. राजेंद्र प्रसाद (अमलीडीह), तहसील और **जिलाः** रायपुर, छत्तीसगढ़-492001, और घिरा हुआः उत्तर **पूर्वः** ठाकुर का घर, उत्तर **पश्चिमः** खान का घर, दक्षिण **पश्चिमः** रास्ता, दक्षिण **पूर्वः** आलोक वागई की भूमि

दिनांकः 26/06/2024
स्थानः रायपुर

अधिकृत अधिकारी
आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड